तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 जिले की दो नवाचारी शिक्षिकाएं राज्यपाल पुरस्कार ...



02 साझा ज्ञान और अनुभव हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने...



## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 4 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति आरके मैदान राधिका नगर के पास अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार करने की कोशिश की तो वो भागने लगा। इसके बाद उसे घेरा बंदी करके पकड़ गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम युवराज सोनी निवासी मिनी माता चौक कृष्णा नगर सुपेला बताया।

### कट्टा दिखाकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी भिलाई पुलिस ने कट्टा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास करने वाले आरोपी दीपक तिवारी गिरफ्तार किया है। नितेश जैन पता विजय ज्वेलर्स चरोदा थाना पुरानी ने थाने में लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 1 सितंबर की शाम 4.30 बजे जब वो ज्वेलर्स दुकान में बैठा था। आरोपियों ने दुकान घुसते ही थैला से पिस्तौल निकाली और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी दीपक तिवारी निवासी टांटीबंध जनता कालोनी थाना आमानाका जिला रायपुर को टांटीबंध कब्रीस्तान के पास से गिरफ्तार किया। दूसरा आरोपी हरजीत सिंह भी पकड़ा गया।

**प्रदर्शन :** नियमितीकरण, ग्रेड-पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

# जिले में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 19वें दिन भी जारी, रंगोली बनाकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल बेमेतरा में 19वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने नियमितीकरण, ग्रेड-पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी अपनी प्रमुख मांगों को लेकर आज धरना स्थल पर रचनात्मक विरोध प्रदर्शन किया।

शुक्रवार के विरोध प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को दर्शाने के लिए रंगोली बनाई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। यह प्रदर्शन सरकार का ध्यान आकर्षित करने का एक नया तरीका था। इससे पहले भी कर्मचारी प्रतीकात्मक रूप से सड़क और सब्जी बाजारों में भीख मांगकर अपनी दुर्दशा जाहिर कर चुके हैं। पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को पूरी तरह से जायज बताया और सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के साथ है और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए हरसंभव सहयोग देगी।



### सरकार से उम्मीद, आंदोलन जारी रहेगा

हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें अभी भी मोदी की गारंटी' और 'डबल इंजन' की सरकार से उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला अध्यक्ष पूरन दास और प्रवक्ता बृजेश कुमार दुबे ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार की तरफ से उनकी मांगों को लेकर कोई लिखित आदेश जारी नहीं हो जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. तृप्ति दुबे, डॉ. भारती यादव, मनीष शर्मा, दिनेश गंगबेर, प्रमोद साहू, सनत कुमार साहू, ताकेश्वर सिंहा, प्रियंका यादव और भूमिका वर्मा शामिल थे।



## पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल को दिया समर्थन

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के हड़ताल का समर्थन किया है। शुक्रवार को वह बेमेतरा में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के पंडाल में पहुंचे और उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। हड़तालियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने कर्मचारियों और जनता से बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्हें किए गए वादे याद नहीं रहते। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रहे कर्मचारी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, और उनकी जायज मांगों को पूरा न करना भाजपा की 'मोदी की गारंटी' के साथ धोखा है।

### कर्मचारियों की मांगों का समर्थन

आशीष छाबड़ा ने एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों का समर्थन किया। इन मांगों में संविलियन, स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27% लंबित वेतन वृद्धि, नियमित पदों पर सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल और अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, और 10 लाख तक का कैशलेस चिकित्सा बीमा शामिल हैं। उन्होंने राज्य सरकार से इन मांगों को बिना किसी देरी के स्वीकार करने और अपने वादों को पूरा करने की अपील की। छाबड़ा ने कर्मचारियों से कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उन्हें हरसंभव मदद देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरला में शिक्षक दिवस पर 74 शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

बेरला में प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी 5 सितंबर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 74 शिक्षकों, 12 मेधावी छात्र-छात्राओं और पिरदा न्यू स्पोर्ट्स ग्रुप को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर के संयुक्त संचालक प्रो. जीए घनश्याम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षकों को उनके स्नेह व मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बेमेतरा जिले के शिक्षकों की सकारात्मक भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें 'सुदृढ़ बेमेतरा का सूत्रधार' बताया। डॉ. संजय तिवारी ने अपने संबोधन में शिक्षा को मानवीय मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि असफलता की जिम्मेदारी खुद लेना और सफलता का श्रेय सबको देना ही सच्ची नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने चाणक्य का उदाहरण देकर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. जीए घनश्याम ने अपने विचार रखते हुए शिक्षक, अध्यापक और गुरु के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिनके हृदय और कार्यप्रणाली में छत्तीसगढ़ और भारत बसता है, वही सच्चे अर्थों में भारतीय और छत्तीसगढ़िया हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार बनर्जी, राजेन्द्र शर्मा, प्रीतम चंदेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 4 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति आरके मैदान राधिका नगर के पास अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है।

## स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष ने सूरत का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग, रायपुर के तहत स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत, प्रदेश के 54 नगर पालिका अध्यक्षों को अध्ययन सह भ्रमण कराया गया। इसी कड़ी में, बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष विजय सिन्हा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा ने गुजरात के सूरत नगर निगम का तीन दिवसीय दौरा कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ ने गुजरात में लिया प्रशिक्षण

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सूरत नगर निगम द्वारा किए गए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के उत्कृष्ट कार्यों को समझना था। बेमेतरा के इतिहास में यह पहला मौका था, जब नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस तरह का संयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया। अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि सूरत नगर निगम को स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में पूरे देश में एक मॉडल के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से मिले अनुभवों का उपयोग बेमेतरा की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। इस दौरान बेमेतरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा के साथ सूरत कमिश्नर सहित प्रदेश भर के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## ठेका कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों के लिए 12 लाख के मुआवजे की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बीते गुरुवार को, साजा डिवीजन में ठेका कर्मचारियों ने एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एक ठेका कर्मचारी देवेंद्र साहू की मौत के विरोध में किया गया, जिसकी 11 केवी हाई टेंशन तार की मरम्मत करते समय करंट लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। कर्मचारियों ने मृतक के परिवार के लिए 12 लाख के मुआवजे की मांग को लेकर डीई साजा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ठेकेदार 'दिव्या इंटरप्राइजेज' और विक्की पटेल का लाइसेंस रद्द करने की भी मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि नियमों का पालन न होने के कारण ऐसी दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। कर्मचारियों ने बताया कि भिंभौरी डीसी में कार्यरत देवेंद्र साहू की मृत्यु 2 सितंबर 2025, मंगलवार को विद्युत कार्य के दौरान हुई। यह कोई इकलौती घटना नहीं है; साजा और बेमेतरा डिवीजन में पिछले चार महीने में तीन से चार ठेका कर्मचारियों की मौत हो चुकी है।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

प्रदर्शनकारी ठेका कर्मचारियों ने मांग की है कि टेंडर के नियमों के अनुसार काम कराया जाए और दुर्घटना में मरने वाले कर्मचारियों के परिजनों को तुरंत 12 लाख का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, मृतक के परिवार के किसी एक सदस्य को आउटसोर्सिंग के आधार पर नौकरी भी दी जाए। डीई साजा के कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दबाव बनाया।





### जामा मस्जिद में हुई परचम कुशाई, प्रदेश की खुशहाली की मांगी गई दुआ

# हर्षोल्लास से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, शहर में निकला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

हजरत पैगंबर साहब के 1500 वीं जन्म उत्सव पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में मुस्लिम समुदाय ने हर्षो उल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन नबी मनाई। नए पोशाक और सुबह मीठे पकवान के साथ एक दूसरे को गले लगाकर समाज के बुजुर्गों एवं युवाओं ने मुबारक बाद दी ।इसके पश्चात जिला मुख्यालय में जुलूसे मोहम्मदिया का आयोजन हुआ। दोपहर 02:30 बजे बाजार पारा स्थित जामा मस्जिद बेमेतरा से यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने निकला इसमें मुस्लिम समुदाय के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग शरीक हुए इस दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया और मिठाई तथा शरबत का वितरण हुआ। यह जुलूस शहर के नयापारा, गश्ती चौक,सिग्नल चौक, परशुराम चौक,कचहरी चौक,भारत माता चौक व प्रताप चौक सहित विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंची । जामा मस्जिद के धर्मगुरु ने मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में परचम कुशाई (इस्लामीक ध्वजारोहण) किया और हजरत पैगंबर साहब की शान में सलातो सलाम पढ़ा और देश, प्रदेश की खुशहाली के ▸▸| शेष पेज 02 पर

### बाटा गया लंगर, रहमत ए आलम कॉन्फ्रेंस मंगलवार

पैगंबर ए इस्लाम, हजरत सल्लल्लाहुअलैहि वसल्लम के योमें पैदाइश जन्म उत्सव पर मुस्लिम समुदाय ने बाजार पारा स्थित सराय में लंगर एवम बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके अलावा आगामी 9 सितंबर मंगलवार रात रहमते ए आलम कॉन्फ्रेंस का जलसा होगा । जिसमे मुस्लिम धर्म गुरु अमीने शरीयत हजरत मोहम्मद सलमान मियां सहित देश के नामी मुस्लिम कथा वाचक शामिल होंगे।

# जर्जर स्कूलों का होगा मेंटनेंस, धमधा नाका से उरला तक बनेगा सर्विस रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

**स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिले में होने वाले कामों की ली जानकारी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में समस्त विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। विभागीय कामकाज की जानकारी ली। बैठक में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी जर्जर स्कूलों को सूचीबद्ध किया जाए, उनका मेंटेनेंस कराया जाए। जिले के हर निगम में कम से कम एक स्कूल में मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। धमधा नाका बोगदा से उरला तक एक सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न उठानी पड़े।उन्होंने गांवों में बने रीपा सेन्टरों में ग्रामोद्योग के माध्यम से लघु उद्योग स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार गौठानों को गौधाम के रूप में विकसित करने कहा।

## दुर्ग निगम का कचरा जेवरा-सिरसा में होगा डंप

अलग खबर

मंत्री यादव ने निकायों में कचरा निष्पादन की जानकारी ली। मंत्री को अवगत कराया गया कि भिलाई नगर निगम में एजेंसी तय हो गई है। साथ ही एग्रीमेंट भी कर लिया गया है। भिलाई को अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में दुर्ग एवं अन्य नगरीय निकायों को भी शामिल करने कहा गया। दुर्ग नगरीय निकाय में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जेवरा सिरसा में निर्मित मुरुम खदान का चयन किया गया है। पानी सूखने पर अपशिष्ट पदार्थ उक्त खदान में डम्प कर समतल बनाया जाएगा। कचरा डम्प करने से पूर्व दीवार बनाने के निर्देश दिए गए। उमरपोटी में 400 केवी ट्रांसमिसन विद्युत लाईन के प्रभावितों को मुआवजा राशि और ग्राम कातरो में विद्युत करेंट से मृत महिला के परिजन को मुआवजा राशि दिलाने के बारे में भी जानकारी ली।




## जनऔषधि केंद्रों की नियमित करें समीक्षा दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने निर्देश

जिला अस्पताल सहित जिले के सभी शासकीय चिकित्सालयों में आवश्यक जन औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही जिला अस्पताल में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया कलेक्टर के अनुमोदन से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। रुआबांधा एवं देवधर मानव निर्मित वन को बेहतर करने के संबंध में वन विभाग के प्रस्ताव पर बीएसपी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह को बीएसपी द्वारा सीएसआर मद से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन और राष्ट्रीय विरासत की सुरक्षा आदि का ब्योरा मंगवाने कहा। बैठक में अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**खबर संक्षेप**

### विधायक ललित मिले मंत्री अग्रवाल व गुरु खुशवंत से



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनियुक्त मंत्री राजेश अग्रवाल और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात की। ललित चंद्राकर उनके पद ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। ललित चंद्राकर ने कहा कि राजेश अग्रवाल के पास पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व एवं गुरु खुशवंत साहेब के पास कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। उन्हें विश्वास है कि दोनों ही अपने अनुभव और कौशल का उपयोग कर छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### डोम शेड निर्माण के लिए 25 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है।

### आईटीआई पावर हाउस व छावनी में बनेगा नया उद्यान

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भिलाई नगर विधानसभा में दो विभिन्न कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय आईटीआई. भिलाई एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने व प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य के लिए 99 लाख 97 हजार 150 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।

पेज 3 का शेष

### हर्षोल्लास से मनाया ...

लिए दुआएं मांगी गई ।इस दौरान इस जामा मस्जिद के पेश इमाम ने हजरत पैगंबर साहब के पैगाम और उनके शांति के दिए गए संदेश पर उपदेश देते हुए कहां की हजरत पैगंबर साहब ने पूरी दुनिया में इस्लाम का परचम शांति और भाईचारे के मोहब्बत से फैलाया है और हमे उन्हीं के बताएं अमन, शांति और भाईचारे के मार्ग पर चलते रहना है और शिद्दत के साथ अमल करते रहना चाहिए।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# ब्लैक और ग्रे स्पॉट पर बढ़ेगी सुरक्षा, एनएचएआई को जोड़ने वाली सहयोगी सड़कों में बनेंगे ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

*जिले में ट्रैफिक नियमों के पालन और सड़क हादसों को रोकने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। सड़क पर मवेशी न बैठे, इसके लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा सप्ताह में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में एसएसपी विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।*

कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देशित किया कि जिन लोगों को ट्रैफिक रूल्स तोड़ते पकड़ा गया, उनके लाइसेंस निलंबित किए गए। उनकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराई जाए। ऐसे लोग यदि निलंबन के बाद भी वाहन चलाते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई, विद्युत यांत्रिकी, बीएसपी के अधिकारियों को चिन्हांकित ब्लैक स्पाट्स, ग्रे स्पॉट्स, नालों में पुलियों की ऊंचाई, हाईमॉस्क लाईट, आवारा पशुओं की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयावधि में पूर्ण करने आवश्यक विभागीय पहल करने के निर्देश दिए गए।




### सड़कों में हादसों को रोकने किए जाएंगे विशेष इंतजाम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों का चयन कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इन्तजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पाइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप प्राथमिकता से बनाए जाएं। कोहका से जुनवानी रोड स्थित कोसानाला पुलिया के दोनों तरफ रेलिंग, पुलगांव चौक पर रोटरी निर्माण व लेफ्ट टर्न फ्री करने, नेहरू नगर चौक पर लेफ्ट टर्न फ्री करने के साथ चौक के गड्ढों को भरने, स्थान समतलीकरण, रेल चौक सेक्टर-10 भिलाई ट्रैफिक सिग्नल निर्माण, सिरसा गेट चौक पर हाईमॉस्ट लाइट लगवाने, पुलगांव नाला रोड पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, बोगदा पुलिया से स्मृति नगर रोड व नेहरू नगर रोड पर अतिक्रमण हटाने और नेहरू नगर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने चारों दिशाओं पर रम्बल्ड स्ट्रिप निर्माण आदि पर चर्चा की गई।

### नवरात्र में पैदल यात्रियों के लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

नवरात्रि के समय पैदाल यात्रियों को ध्यान में रखते हुए पुलगांव नाला ओव्हरब्रिज सहित सभी ओव्हरब्रिज में प्रकाश की व्यवस्था हेतु नगर निगम एवं विद्युत विभाग के समन्वय से आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी यातायात ऋचा मिश्रा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ब्लैक स्पाट्स एवं ग्रे स्पाट्स पर विभागीय कार्रवाई से सड़क दुर्घटनाओं में आई कर्मियों एवं यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किया। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, राजीव पाण्डे, मोनिका वर्मा, महेश राजपूत, आरटीओ एसएल लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल के समर्थन में सड़क पर उतरीं महापौर बाघमार



**पटेल चौक में बांटा हेलमेट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल अभियान का महापौर अल्का बाघमार ने समर्थन किया है। इसे लेकर शहर में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व महापौर अलका बाघमार ने किया।महापौर बाघमार भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल एवं पार्षदों के साथ पटेल चौक पहुंचीं।

दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर पार्षद संजय अग्रवाल, साजन जोसफे, गोविंद देवांगन, हेमन्त मटियारा, सुरेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। बाघमार ने स्वयं आम जनता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक सुरक्षा उपकरण नहीं है, बल्कि यह उनके और उनके परिवार के जीवन की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कई जरूरतमंद लोगों को हेलमेट भी बांटे और समझाया कि सड़क दुर्घटना के समय यह एक छोटी-सी ढाल कैसे बड़ी अनहोनी से बचा सकती है। पटेल चौक पर लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की गई।

## शिक्षक हमारे जीवन के आधार स्तंभ और मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्राथमिक शाला फरी में शिक्षक दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों ने शिक्षक, शिक्षिकाओं का पूजा करके श्रीफल तथा पेन भेंट की। प्रधान पाठक बजरंग शर्मा ने कहा की 5 सितंबर शिक्षक दिवस का दिन सर्वपल्ली राधाकृष्णन को ही समर्पित है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के पहले उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद, भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक थे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन खुद एक बहुत अच्छे टीचर थे। 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में जन्मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के आधार स्तंभ और मार्गदर्शक होते हैं।

- प्राथमिक शाला फरी में शिक्षक दिवस उल्लास के साथ मना, छात्रों ने शिक्षकों को भेंट किए उपहार

वह अपना बहुमूल्य समय देकर हमारे जीवन को संवारते हैं और आगे बढ़ाते हैं। जिस तरह मिट्टी को तराश कर कलाकृति तैयार करने का कार्य कुम्हार करता है, वैसे ही शिक्षक हम बच्चों में निखार लाते हैं, हमें संवारते हैं। शिक्षक ना सिर्फ हमें शिक्षा देते हैं बल्कि वह हमेशा हमें अच्छा



इंसान बनाने की कोशिश करते रहते हैं। उनकी कही बातें ही हमारे जीवन को निखारती हैं। इस दिन हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उन्हें नमन करना चाहिए। जिनकी जयंती 5 सितंबर के दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षिका स्मिता साहू ने कहा कि शिक्षक हमारे समाज का निर्माण करते हैं। बिना शिक्षक के ज्ञान मिलना संभव नहीं है। शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं, वे हमारे चरित्र, सोच, नैतिकता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। वे हमें जीवन के कठिन रास्तों पर सही निर्णय लेना सिखाते हैं। चाहे वह हमारे स्कूल के शिक्षक हो, माता-पिता हो या आध्यात्मिक गुरु सभी का हमारे जीवन में विशेष स्थान होता है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे गुरु मिले हैं जो हमें सिर्फ किताबें नहीं, जीवन जीना सिखा रहे हैं। हमें चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें और जीवन में अच्छे इंसान बनें।

शिक्षक दिवस पर बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कक्षा 5वीं छात्र लक्ष्य ने कहा कि शिक्षक सिर्फ हमें किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। वह हमारे मार्गदर्शक, दोस्त होने के साथ प्रेरणा के स्रोत भी होते हैं, जिस तरह से दीपक खुद जलकर दूसरों को रोशनी देता है वैसे ही अपनी मेहनत और समर्पण से शिक्षक हमारे जीवन में उजाला भरने का काम करते हैं। सभी कक्षा के बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक बजरंग शर्मा, शिक्षिका स्मिता साहू, सुनीता वर्मा, रखमणि साहू, बीएड छात्राध्यापिका द्रौपदी ध्रुव और सभी कक्षाओं के छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

## साझा ज्ञान और अनुभव हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है : डॉ. देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान, श्रीराम एकेडमी में शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विवेक देवांगन, डॉ. टिकेंद्र वर्मा, डॉ. स्वाति चंद्रवंशी और श्री वाईडी साहू उपस्थित थे। सेमिनार में, डॉ. टिकेंद्र वर्मा ने पीएचडी जैसे गंभीर विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इसकी महत्ता और इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया को क्रमवार समझाया।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि सफलता एक लंबी सीढ़ी है, जिसमें धैर्य के साथ आगे बढ़ना होता है। डॉ. विवेक देवांगन ने यूजीसी नेट और सेट की प्रासंगिकता पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे दोनों परीक्षाओं की तैयारी एक साथ करके जीवन को एक नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने अभ्यर्थियों को एकाग्रता के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। बेमेतरा की ही निवासी डॉ. स्वाति चंद्रवंशी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे सफल हो सकती हैं, तो कोई भी हो सकता है। उन्होंने दृढ़ निश्चय और इच्छाशक्ति को सफलता की कुंजी बताया, जिससे जीवनशैली और प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व बदलाव आता है।



### सेमिनार का महत्व

अंत में, श्री वाईडी साहू ने सेमिनार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार न केवल यह बताते हैं कि सफलता के लिए क्या करना है, बल्कि यह भी सिखाते हैं कि किन गलतियों से बचना चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि ये सफलता की संभावना को बढ़ाते हैं। सेमिनार का संचालन मनीष वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे, जिनमें पम्मी साहू, मोहित निषाद, गोपी निषाद, मुस्कान वर्मा सहित अन्य शामिल थे। अभ्यर्थियों में इस दौरान एक नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।

## रामलला दर्शन योजना का सपना हुआ साकार, ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष में अयोध्या धाम के लिए भारत गौरव ट्रेन के रवाना होने के अवसर पर दुर्ग और बस्तर संभाग के यात्रियों में उत्साह देखा गया।

दुर्ग स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत और अयोध्या धाम रवाना करने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा एवं ग्रामोद्योग मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर दुर्ग अल्का बाघमारे, कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और दुर्ग एसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे। दुर्ग संभाग के लिए निर्धारित इस ट्रेन को राजनांदगांव के यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए नीलू शर्मा के अथक प्रयासों से ये ट्रेन राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग और बस्तर संभाग के तीर्थ यात्रियों को दुर्ग स्टेशन से लेकर अयोध्या धाम पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के मध्य एमओयू किया गया था। इस योजना के अंतर्गत अब तक छत्तीसगढ़ के लगभग 28,050 दर्शनार्थियों को निःशुल्क दर्शन कराया जा चुका है। प्रभु राम लला दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए यह स्पेशल सप्ताहिक भारत गौरव ट्रेन रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर-दुर्ग (संयुक्त) संभाग के यात्रियों को श्री राम लला अयोध्या धाम दर्शन के लिए निरंतर जारी रहेगी।

**259 प्रकरणों पर की गई समीक्षा**

# आईजी ने तीन घंटे तक किया प्रकरणों की समीक्षा झूठ केस दर्ज कराने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने अपने सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोष मुक्ति 259 प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा तीन घंटे से अधिक समय तक चला। जिसमें दुर्ग रेंज के उपसंचालक और एएसपी अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में दोषमुक्ति के कारणों की समीक्षा की गई और जिन कारणों से प्रकरणों में दोषमुक्ति हुए है। उसे लेकर विवेचना के सुधार के लिए पुलिस अधिकारियों को आदेशित किया गया। विवेचना, अभियोजन में लापरवाही करने वाले



पुलिस अभियोजन अधिकारीयों की जिम्मेदारी तय करने निर्देशित किया। आईजी गर्ग ने निर्देश दिया है कि ऐसे सभी गंभीर प्रकरणों में जिनमें अग्रिम ज़मानत आवेदन लगाए जाते हैं। उनमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का ब्योरा अलग से संधारित किया जाए। जहाँ गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, उसके ठोस कारणों का उल्लेख करे। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत निरस्त कर दी जाती है तो अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तय करे। बैठक में यह भी निर्देशित करे की झूठी शिकायत करने वाले व निर्दोश व्यक्तियों को फँसाने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियोजन अधिकारियों द्वारा न्यायालय में प्रतिवेदन पेश किया जाए।

### बैठक में भी मौजूद रहे

संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप निदेशक अभियोजन दुर्ग अनुरेखा सिंह, सहायक जिला अभियोजन बालोद प्रमोद घृतलहरे, उप निदेशक अभियोजन बेमेतरा आशीष कुमार सिन्हा, सहायक जिला अभियोजन बेमेतरा विनय अग्रवाल, एएसपी पद्मश्री तंवर, एएसपी बेमेतरा ज्योति सिंह, एएसपी बालोद मोनिका ठाकुर, डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

## हम ऐसी दुनिया बनाएं, जिसमें कोई अपराध न हो : बघेल




**दुर्ग।** केंद्रीय जेल दुर्ग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि कई बार छोटी-छोटी गलतियों से भी लोग जेल पहुंच जाते हैं। हमें अपराधों से बचने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम ऐसी दुनिया बनाएं, जिसमें कोई अपराध न हो। चारों तरफ प्रेम ही प्रेम हो। हमें जीवन में नया उजाला, खुशियों भरा परिवर्तन लाने की सोच के साथ राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए। चिंतन करना चाहिए। शंकराचार्य महाविद्यालय के डायरेक्टर आईपी मिश्रा, जेल अधीक्षक मनीष संभाकर, जेल के विधि अधिकारी ईशु देशमुख, सहायक जेल अधिकारी अशोक साव, रश्मि चौधरी, फार्मासिस्ट डी एस कोसरे उपस्थित थे। शिविर में डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. राजेश, न्यूरोसर्जन डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. राजेश सिंघल, डॉ. राजन, संदीप सोनी, आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग सहित अन्य का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

## ताइक्वांडो में दो बालिकाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बेमेतरा।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 1 से 4 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में बेमेतरा की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं कु. विनाक्षी घृतलहरे और कु. मुस्कान साहू ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल जीतकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। कक्षा 7वीं की छात्रा विनाक्षी घृतलहरे ने सिल्वर मेडल जीता। कक्षा 10वीं की छात्रा मुस्कान साहू ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्कूल की अधीक्षिका भारती घृतलहरे और शिक्षिकाओं ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होता है।

## एसडीएम हर्ष लता ने संभाला कार्यभार

**साजा।** अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व सुश्री हर्ष लता वर्मा ने साजा एसडीएम का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने विभाग की समीक्षा की। कार्यालय का निरीक्षण किया, जनता को कोई तकलीफ ना हो इस पर कर्मचारियों को विशेष हिदायत दी।

## साढ़े 5 लाख रुपए की पकड़ी अवैध शराब

**दुर्ग।** आबकारी विभाग की टीम ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साढ़े 5 लाख रुपए से अधिक कीमत की शराब को जब्त किया है। जिला आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 2 सितम्बर को गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत-भिलाई 2 की टीम को अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी।

**समारोह**

### नवाचारी शिक्षिका केवरा व सुनीता को मिला राज्यपाल पुरस्कार

# जिले की दो नवाचारी शिक्षिकाएं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शिक्षक दिवस के अवसर पर, शुक्रवार को बेमेतरा जिले की दो नवाचारी शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यपाल रमेन डेका के हाथों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की उपस्थिति में एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका की शिक्षिका केवरा सेन को उनके नवाचारों के लिए यह सम्मान मिला है। केवरा सेन छत्तीसगढ़ की एकमात्र शिक्षिका हैं जिन्होंने जापानी भाषा सीखकर अपने स्कूल के बच्चों को सिखाना शुरू किया है। उनकी लिखी हुई 'बेसिक जापानी भाषा' पुस्तक का विमोचन महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने किया था, और अब यह पुस्तक छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बच्चों को जापानी भाषा सीखने में मदद कर रही है।

- शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान



### नवाचारी शिक्षिका सुनीता

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली, बेमेतरा की शिक्षिका सुनीता राजपूत को भी शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और नवाचारी गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया।
उनके कार्यों में शामिल हैं:

- कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं का सफल संचालन।
- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान को अत्यधिक महत्व देना।
- कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए बच्चों पर विशेष ध्यान देना।
- शिक्षण में नवाचारी गतिविधियों का उपयोग करना।
- शिक्षक-पालक संपर्क को मजबूत बनाने के लिए सतत प्रयास।

दोनों शिक्षिकाओं को यह सम्मान मिलने पर पूरे जिले, विकासखंड और उनके परिवार में खुशी की लहर है। पूर्व शिक्षा सचिव नंद कुमार आईएएस, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे, कंडरका के प्राचार्य राजेंद्र झा और बेरला के बीईओ जय प्रकाश करमाकर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है।

### उनके अन्य उल्लेखनीय कार्यों में शामिल हैं

- बच्चों को स्पोकन इंग्लिश सिखाना।
- एनएमएमएसई और प्रयास जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित रूप से तैयारी कराना।
- बच्चों में बचत की आदत डालने के लिए स्कूल में बचत बैंक शुरू करना।
- स्कूल में एक औषधि उद्यान बनाना और बच्चों को उसका रखरखाव सिखाना।
- कोरोना काल में ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षाओं और मोहल्ला क्लास के लिए 'कोरोना योद्धा' के रूप में सम्मान प्राप्त करना।

## ईद ए मिलादुन्नबी पर उत्साह के साथ निकाला जुलूस, पुलिस रही मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

नगर सहित क्षेत्र में उत्साह के साथ मिलादुन्नबी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथों में इस्लामी झंडा और तिरंगा लेकर जुलूस निकाला।

इस दौरान सरकार की आमद, मरहबा, इस्लामीक, नारा लगाते रहे। जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए। मस्जिद परिसर में पहुंचकर, जलसा में तब्दील हो गया। शांति और सुरक्षा के लिए जुलूस के साथ पुलिस जवान भ्रमण करते रहे। इस मौके पर हाफिज जी ने कहा, कि पैगंबर मोहम्मद ने मानवता की भलाई के साथ आपसी मिल्कत, मोहब्बत और मुल्क में अमन चैन कायम करने के लिए प्रेरित किया। समाज में सौहाद्र पूर्ण का निर्माण अच्छे मार्ग पर चलकर शांति और प्रेम का संदेश दिया। मोहम्मद साहब के बताए हुए, रास्ते पर चलकर संसार में भाईचारा और अमन चैन का माहौल कायम किया जा सकता है। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

भाईचारे का संदेश दिया, पुलिस ने जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया। इस अवसर पर सैय्यद मुशीर, हुसैन वसीम, शेख सैय्यद, आतिफ अली, हाजी रफीक, हाजी लतीफ, शेख हकीमुद्दीन, सफील बैग, मो नजीर हुसैन बैग, शेख नसीरुद्दीन, सत्तार शेख, जाहिद खान, मो.सिद्धिक, सफीक एजाज, मोनू, आसिफ, मो. जाहिद सोयब, अनस जावेद, बैग मेहमान खान उपस्थित थे।

## जलाशय की जमीन में गड़बड़ी पर भाजपा ने कांग्रेस पर लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा



सरकारी जलाशय की जमीन में भारी हेराफेरी को लेकर भाजपा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने आरोप लगाया कि पूर्व कृषि मंत्री के क्षेत्र में ही किसानों के लिए बनाए गए जलाशय की जमीन को उनके ही लोगों द्वारा 'हथियाया' गया है। उन्होंने इसे कांग्रेस की किसान-विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया। साहू ने कहा किसानों के हित की बात करने वाली कांग्रेस ने अपने दामन को देखे, जिन्होंने मुख्यालय में ही इतने बड़े जलाशय और कार बांध को पूरी तरह खत्म कर दिया। उन्होंने इस खेल में राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की पूरी भूमिका होने का आरोप लगाया।

मामले की जांच में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और बांध की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

साहू ने कहा कि जिस तरह खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई गई हैं, उससे यह साफ है कि यदि मुख्यालय में यह स्थिति है, तो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने क्या किया होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी, क्योंकि जल संसाधन विभाग उन्हीं के पास है। साहू ने आरोप लगाया कि आज अधिकारी यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि बांध कितने एकड़ में फैला हुआ था, जो एक बहुत ही गंभीर मामला है।

## केंद्र ने छग को दिया 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया, किसान मोर्चा ने जताया आभार

**साजा।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए चालू खरीफ सीजन के बीच 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया खाद के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इस फैसले पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और राजनांदगांव जिला प्रभारी मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया है।

शर्मा ने बताया कि यह मंजूरी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर दी गई है। इस अतिरिक्त यूरिया की आपूर्ति सितंबर के पहले हफ्ते में 20 हजार टन, दूसरे हफ्ते में 35 हजार टन और महीने के अंत तक बाकी 5 हजार टन के रूप में की जाएगी। उन्होंने कहा कि साय सरकार किसानों की जरूरतों के प्रति बहुत संवेदनशील है और यह अतिरिक्त आपूर्ति किसानों को उनकी फसलों को सुरक्षित रखने में मदद करेगी।

जारी आंकड़ों के अनुसार 28 अगस्त तक राज्य में कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण किया गया था, जिसमें से 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में ज्यादा है।

मूलचंद शर्मा ने आगे बताया कि यूरिया के साथ-साथ नैनो खाद की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सहकारी और निजी क्षेत्रों में कुल 2 लाख 91 हजार 59 बॉटल नैनो यूरिया और 2 लाख 38 हजार 619 बॉटल नैनो डीएपी का भंडारण है। इसमें से 2 लाख 32 हजार 652 बॉटल नैनो यूरिया और 1 लाख 85 हजार 136 बॉटल नैनो डीएपी किसानों तक पहुंचाए जा चुके हैं।

## बीआरसी भवन में संकुल समन्वयकों की हुई बैठक



**बेमेतरा।** विकासखंड के अंतर्गत बीआरसी भवन में संकुल समन्वयकों का आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से निःशुल्क पाठ्यपुस्तक प्राप्ति, वितरण,शेष और आवश्यकता की जानकारी हार्ड कॉपी में बनाकर साथ लाये।

यू-डाईस के विद्यालय में दर्ज अनुसार विद्यार्थी प्रोफाईल अगतन और इंपोर्ट की जानकारी।'एक पेट माँ के नाम' की जानकारी। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अतर्गत विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण के संबंध में जानकारी एवं चचर्चा।स्वच्छ एवं हरित विद्यालय के संबंध में जानकारी एवं चर्चा। साक्षरता सप्ताह के संबंध में जानकारी एवं चर्चा।इंस्पायर अवार्ड की प्रविष्टि के सबध में जानकारी एवं चचा। राष्ट्रीय साधन राह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना पर चर्चा।,उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पोर्टल में पंजीकृत असाक्षर एवं स्वयंसेवी की संख्यात्मक जानकारी हार्ड कॉपी में बनाकर साथ लाये। एफ.एल.एन के संबंध में जानकारी एवं चचर्चा।, 31 अगस्त की स्थिति में दर्ज संख्या की जानकारी। (अलग-अलग विद्यालयों का कक्षा, झलक / बालिका एवं जातिवार), शिक्षकों के अवकाश ऑनलाईन प्रविष्टि के संबंध में जानकारी एवं चर्चा।,छात्रवृत्ति के ऑनलाईन प्रविष्टि के संबंध में जानकारी एवं चर्चा। , विद्यार्थियों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में जानकारी पर चर्चा।,शैक्षणिक कैलेण्डर का अमल पर चर्चा।,मध्यान्ह भोजन संबंधी जानकारी एवं चर्चा।,सीएसी निरीक्षण संबंधी जानकारी पर चर्चा।,निःशुल्क शाला गणयेश की प्राप्ति वितरण शेप एवं आवश्यकता संबंधी जानकारी।,सीजी स्कूल पोर्टल में विद्यालयों के मूलभूत सुविधा की प्रविष्टि संबंधी जानकारी पर चर्चा। उक्त बैठक में कामिनी महिलांग विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र साहू बीआरसी बेमेतरा, सोनलाल चंद्राकर, ज्योति बनाफर, रेणुका अग्रवाल, देवेंद्र साहू,पूनम साहू और धनीराम बंजारे सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साजा में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीके तिवारी ने किया। उन्होंने भारत के दूसरे राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया।

डॉ. तिवारी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों और शिक्षा-दर्शन को अपनाना ही विद्यार्थियों द्वारा उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर, महाविद्यालय के उद्यानिकी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्रा, मुक्तिकला अग्रवाल शैक्षणिक वर्ष 2023-24 बैच को पूरे विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शिक्षकों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों ने शिक्षकों के महत्व पर अपने विचार रखे और सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.के. तिवारी के साथ-साथ सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं श्रीमती पुष्पांजलि पंकज, श्रीमती मनीषा कश्यप, डॉ. खुशबू साहू, डॉ. शालाखा जॉन, डॉ. स्मृति ध्रुव, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. ओमप्रकाश राजवाड़े को भी छात्रों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र लखन सिन्हा, सूरज साहू, वैभव साहू, अखिल, साहिल दिवाकर, संध्या सिन्हा, रौनक, हेमलता, मुक्तिकला, एकता, अंगन, त्रिवेणी, श्रुति, प्रियांशु, अवंतिका, अतुल, दिनेश टेलम और अन्य छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारियों दिलीप मसीह, दिनेश साहू, लोकनाथ सोनकर, राधिका, द्रौपदी साहू, गिरिराज, पंकज, मनोज सेन आदि ने भी सहयोग दिया।

# बैजी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला बैजी में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम और यादगार तरीके से मनाया गया। यह दिन स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और डाइट बेमेतरा से आए छात्र अध्यापकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत में, संस्था के प्रमुख ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस तरह एक शिक्षक ने अपने उत्कृष्ट कार्यों के दम पर राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया। उन्होंने बच्चों को राधाकृष्णन को अपना आदर्श मानने और दृढ़ निश्चय के साथ पढ़ाई कर जीवन में ऊँचे मुकाम हासिल करने की प्रेरणा दी। इसके बाद, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, शिक्षिका भारती वर्मा और डाइट बेमेतरा से आए छात्र अध्यापकों संगीता साहू, किरण साहू, खिलेश कोठारी, मनीष वर्मा, नीतीश वर्मा, और जागेश्वर वर्मा ने मिलकर डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

### छात्रों ने गुरुओं का आशीर्वाद लिया

समारोह के दौरान बच्चों ने अपने शिक्षकों का सम्मान किया। उन्होंने शिक्षकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें उपहार के रूप में पेन भेंट किए। जवाब में, शिक्षकों ने भी सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल और अन्य उपहार दिए। इस तरह, यह कार्यक्रम आपसी सम्मान और स्नेह के साथ संपन्न हुआ।

## हिररी-मडियापार सड़क निर्माण का विधायक ने भूमि पूजन किया



**साजा।** विधानसभा क्षेत्र के बोरी लिटिया मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हिररी से मडियापार तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू ने पूजा-अर्चना कर इस सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। विधायक साहू ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार का मुख्य लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्रामीण किसानों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, इसके लिए साजा विधानसभा में कई पक्की सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आपके गांव में भी सड़क का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में और भी कई विकास कार्यों की सौगातें मिलेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत धमधा के सभापति प्रीतम यादव, हिररी के सरपंच योगेंद्र कुमार साहू, मडियापार की सरपंच जनीता बाई निषाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष प्रीति देवांगन, मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, महामंत्री नीलांबर साहू, युवा मोर्चा महामंत्री राहुल उमरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय उमरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश पटेल, अरविंद पटेल, ज्ञान यादव, राजेंद्र पटेल, गौरव माढारिया और भाजपा कार्यकर्ता, सरपंच, पंच और ग्रामीण शामिल थे।




## कोलकाता के युवक की नाले में गिरने से मौत

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत नेहरूनगर अंडर ब्रिज से टाउनशिप की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित नाले में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। मृतक के सिर में चोट के निशान थे।




### ब्लड ग्रुप, सिकलिंग और मलेरिया की जांच की गई

# शिविर 230 विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के रजत महोत्सव के तहत, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा (कुसमी) में 4 सितंबर को छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के आदेश पर आयोजित हुआ था। इस मेगा हेल्थ कैंप में विद्यालय के सभी 230 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उनकी हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सिकलिंग और मलेरिया की जांच की गई। साथ ही, उनकी आंखों का भी परीक्षण हुआ। जांच के दौरान 26 विद्यार्थियों में रिफ्लेक्टिव एरर की समस्या पाई गई। शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

- जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



इसके अलावा, नेत्र दान पखवाड़ा भी मनाया गया, जिसके तहत छात्रों को नेत्र दान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विजयकुमार देवांगन, डॉ. अल्का साहू, नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश टंडन और योगेंद्र भार्गव, एमएलटी गीतांजलि साहू, स्टाफ नर्स रागनी टंडन, दुर्गा, दीपांजलि डेनियल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति ने इस शिविर को सफल बनाया।

